# वरिष्ठ नागरिकों को छूट तो दी, लेकिन जड़ दी पेनाल्टी

## कुछ जमा कर रहे तो कुछ जता रहे विरोध, कैश काउंटर पर हो रहा विवाद

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रत्येक वित्तीय वर्ष में अप्रैल से लेकर सितंबर वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली छूट को लेकर फिर एक बखेड़ा खड़ा हो गया है। क्योंकि पिछले वित्तीय वर्ष में सीनियर सिटीजन्स को जलशुल्क में 25 प्रतिशत छूट तो मिल गई लेकिन इस वर्ष उनके जलशुल्क में 6 माह की पेनाल्टी दिख रही है। इस बात को जहां कुछ वरिष्ठ नागरिक सामान्य तरीके से लेकर जलशुल्क जमा कर रहे हैं तो वहीं कुछ कैश काउंटर्स पर बैठे कर्मचारियों से वाद-विवाद कर रहे हैं, जिन्हें समझाने में कर्मचारियों को खासी मशक्कत करनी पड़ रही है।

**सुविधाओं के नाम पर जीरो-** प्रतिवर्ष पर समय पर संपत्तिकर सहित अन्य टैक्स जमा करने वाले नागरिकों का कहना है कि नगर निगम टैक्स लेने में तो कोई कोताही नहीं बरत रहा है लेकिन वैसी सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं, जैसी देनी चाहिए। चैक से टैक्स का भुगतान करने वाले कुछ करदाताओं को इस बात को लेकर भी आपत्ति है कि चैक में हमेशा कुछ रुपए बढ़ाकर ही राशि भरवाई जाती है लेकिन कभी सुविधाएं देने के नाम पर यह नहीं सोचा जाता कि उनमें भी थोड़ी बढ़ोत्तरी कर ली जाए।




### इसलिए लगी पेनाल्टी

बता दें कि पिछले वर्ष से जलशुल्क वार्षिक की जगह मासिक लगना शुरु हो गया है। मासिक जमा न करने पर उस माह की पेनाल्टी लग जाती है। ऐसे में जब अधिकांश वरिष्ठ नागरिकों ने सितंबर माह में पहुंचकर ही जलशुल्क जमा किया तो उनसे बिना पेनाल्टी लिए जलशुल्क लिया और उन्हें एडजस्ट करने का आश्वासन दिया लेकिन ऐसा हुआ नहीं, इस वर्ष डिमांड में पेनाल्टी जुड़कर दिख रही है।

### जिनका नामांतरण हो गया उन्हें भी मैसेज

अप्रैल माह की शुरुआत में ही नगर निगम प्रशासन की ओर से लोगों को डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के शुल्क का भुगतान करने के लिए मैसेज भेजा जा रहा है लेकिन जिन लोगों ने अपनी संपत्ति बेच दी है और उस संपत्ति का नामांतरण भी किसी दूसरे के नाम पर हो गया है फिर भी पहले वाले संपत्ति मालिक को ही मैसेज भेजे जा रहे हैं। जिससे साफ जाहिर हो रहा है कि निगम को अभी अपना डाटा अपडेट करने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ेगी। मैसेज मिलते ही मकान के खरीददार और विक्रेता दोनों में ही विवाद की स्थिति बन रही है। दोनों ही नगर निगम पहुंच रहे हैं। लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है। लगातार बड़ी संख्या में शुल्क जमा लोग पहुंच रहे है, लेकिन पुराना टैक्स जमा होने के बावजूद उन्हें बढ़कर शुल्क लेने की बात भी सामने आ रही है। कुछ तो पुरानी रसीदें लेकर भी पहुंचे, लेकिन सिस्टम अपडेट न होने से स्थिति नहीं बताई जा रही है। जिससे करदाताओं में रोष है।



# नासूर बनी अमृत जल योजना-2 की खुदाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहरभर में जहां भी अमृत जल योजना-2 के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिये खुदाई की गई गई है, वहां से राहगीरों और क्षेत्रीय लोगों का निकलना दूभर हो गया है। पहले गौरीघाट रोड पर तो अब कांचघर और रांझी में आए दिन नियम विरूद्ध खुदाई के बाद पुराई दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। जिसका एक नमूना बीती रात महिला पॉलीटेक्निक से जेठी अस्पताल रोड नॉर्थ सिविल लाइन में देखने मिला। जहां खुदाई के बाद गड्ढे में मिट्टी को इस कदर डाला गया कि वहां एक ऑटो धंस गया। ऑटो को मिट्टी से बाहर निकालने के लिये पहले तो चालक ने अकेले ही प्रयास किया। लेकिन जब बात नहीं बनी तो उसने राहगीरों की सहायता लेकर ऑटो के पिछले हिस्से को उनसे उठवाकर वाहन बाहर निकलवाया। यह इकलौता मामला नहीं बल्कि रोजाना ही कई वाहन चालक उस गड्ढे की मिट्टी में फंसते हैं। गुरूवार दोपहर बारिश होने के कारण मिट्टी गीली भी हो गई, जिससे वाहन चालक फिसलते-फिसलते भी बचे। क्षेत्रीयजनों ने बताया कि रांझी तक जो पाइप लाइन बिछनी है उसके लिये लाइन जोड़ने के लिये जगह-जगह पाइप लाइप खोजी जा रही है। जिसके लिये खुदाई की जा रही है और गड्ढ़ों को ढंग से पूरा भी नहीं जा रहा है। जिससे हादसे हो रहे हैं।

## सार-समाचार

### निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार को मिला कलेक्टर का अतिरिक्त प्रभार

**जबलपुर, देशबन्धु।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जबलपुर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के अवकाश पर जाने के कारण जिले की कमान अब नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार को सौंपी गई है। शासन ने उन्हें कलेक्टर का अतिरिक्त प्रभार दिया है। जानकारी के अनुसार कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के अवकाश की अवधि के दौरानए संभवत: 14 अप्रैल तक रामप्रकाश अहिरवार कलेक्टर के रूप में कामकाज देखेंगे। प्रभार ग्रहण करने के साथ ही उन्होंने जिले की प्रशासनिक गतिविधियों और आवश्यक कार्यों की मॉनिटरिंग शुरू कर दी है। कलेक्टर के तौर पर इस अल्प अवधि में श्री अहिरवार जिले की कानून व्यवस्था, राजस्व मामलों की सुनवाई और शासन की जनहितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन पर नजर रखेंगे। साथ ही आगामी पर्वों और महत्वपूर्ण दिवसों को देखते हुए प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने की जिम्मेदारी भी उन पर होगी। नगर निगम आयुक्त के साथ-साथ अब कलेक्ट्रेट की बैठकों और विकास कार्यों की समीक्षा भी उनके द्वारा की जाएगी।



### कैट की बैठक में कार्यकारिणी के गठन व अहम विषयों पर हुई चर्चा




**जबलपुर, देशबन्धु।** कॉन्फेड्रेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट टीम जबलपुर द्वारा बुधवार को संभागीय बैठक का आयोजन सत्य अशोका होटल राइट टाउन में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में ग्वालियर से पधारे संगठन मंत्री राजकुमार गुप्ता (प्रिंस) उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से दिल्ली में आयोजित होने वाले व्यापार महोत्सव विषय पर गंभीर चर्चा की गई। साथ ही कैट टीम की कार्यकारिणी के गठन सहित महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। प्रमुख रूप से ग्वालियर से आए संगठन मंत्री राजकुमार गुप्ता एवं जितेंद्र पचोरी, प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक सेठी, संभागीय अध्यक्ष संदेश जैन, प्रदेश संरक्षक रोहित खटवानी, प्रदेश मंत्री राजीव बड़ेरिया, जिला अध्यक्ष जबलपुर सहित मनोज जसाठी, संजय चड्ढा, सीमा सिंह चौहान, मनु तिवारी, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, तरुण अग्रवाल एवं पुनीत हांडा उपस्थित रहे।

### अशोक हॉल स्कूल में प्री प्राइमरी बच्चों के लिए पूल पार्टी का आयोजन





**जबलपुर, देशबन्धु।** ग्रीष्म ऋतु का स्वागत करते हुए अशोक हॉल स्कूल में प्री प्राइमरी बच्चों के लिए पूल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चे घर से अपने-अपने तैराकी वस्त्र लेकर आये। इस दौरान बच्चों ने पानी में ढेर सारी डुबकियां लगाई और एक दूसरे पर पानी की बौछारें भी की। साथ ही जल में पाए जाने वाले जीव जंतु जैसे कछुआ ऑक्टोपस, मगरमच्छ विभिन्न प्रकार की मछलियों शंख शिम्पले आदि के बारे में जानकारी दी। पानी में खेल कर बच्चों ने पूल डे का आनंद उठाया। साथ ही प्री- प्राइमरी में बच्चों के अभिभावकों को भी पूल डे मनाने के लिए आमंत्रित किया गया। पूल पार्टी के अंतर्गत अभिभावकों और बच्चों के लिए नाश्ता काउंटर, रैंप वॉक, टैटू कॉर्नर, फोटो कॉर्नर का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों और अभिभावकों ने हर्षोउल्लास के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। शाला की संस्थापिका अर्पिता मालपाणी ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। उपरोक्त कार्यक्रम शाला के सी.ई.ओ. प्रदीप गंगाधरन, प्राचार्या आशिमा जॉन एवं प्रधान अध्यापिका आस्था कथूरिया के मार्गदर्शन में एवं समस्त शिक्षक गणों के सहयोग से संपन्न हुआ।

# भेड़ाघाट नगर परिषद के अगले वित्तीय वर्ष का बजट पारित

### पर्यटन और विकास पर रहेगा विशेष ध्यान

**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी के विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट को और बेहतर तरीक़े से विकसित किया जाएगा। जिससे पर्यटन में वृद्धि हो, जिससे रोज़गार बढ़ेगा और यहां के कारीगरों के काम को देश विदेश में अलग पहचान मिलेगी। ऐसे ही सोच के साथ हाल ही में भेड़ाघाट नगर परिषद की बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष के लिए करोड़ों रुपये का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया है।

इस बजट में बुनियादी ढांचे के साथ-साथ विश्व प्रसिद्ध पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। परिषद द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, यह बजट संतुलित और विकासोन्मुखी बताया जा रहा है।



### आय व्यय का लेखा जोखा

**-अनुमानित आय 15 करोड़ आय:** 14 लाख 12 हजार रुपये

**-व्यय:** अनुमानित 15 करोड़ 3 लाख 55 हजार रुपये

**-अनुमानित बचत:** 57 लाख रुपये

### इन क्षेत्रों में होगा मुख्य निवेश

नगर परिषद अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी ने बताया कि बजट में जनसुविधाओं और क्षेत्रीय विकास को प्राथमिकता दी गई है। आधारभूत ढांचे के लिए बजट शहर में नाली निर्माण, सड़कों का सुदृढ़ीकरण और गंदा पानी निकासी की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। युवाओं और सुरक्षा: युवाओं के लिए खेल के मैदानों का विकास और नगर की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया है। पर्यटन पर विशेष ध्यान भेड़ाघाट एक विश्व प्रसिद्ध पर्यटन केंद्र है, जहाँ देश-विदेश से पर्यटक आते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए पर्यटन सुविधाओं के लिए 50 लाख की विशेष राशि स्वीकृत की गई है। इस बजट के पारित होने से नगर में विकास कार्यों को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद है। विशेष रूप से पर्यटन क्षेत्र में निवेश से न केवल भेड़ाघाट की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी।

# नगर निगम मुख्यालय के गेट में कांग्रेस पार्षद दल ने जड़ा ताला

**जबलपुर, देशबन्धु।** कांग्रेस पार्षद दल ने नगर सत्ता और निगम प्रशासन पर जन समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए मुख्यालय के गेट पर जमकर नारेबाजी करते हुए ताला जड़ दिया। नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा और सचेतक अयोध्या तिवारी ने कहा कि जन समस्याओं पर चर्चा करने के लिए निगम अध्यक्ष, महापौर एवं निगम आयुक्त को कई मर्तबा पत्र सौंपकर बैठक आहूत करने कहा लेकिन ना तो बैठक आहूत की गई ना ही उन समस्याओं के निराकरण के लिए कोई प्रयास किए गए। उन्होंने कहा कि पूरा शहर गंदगी से बजबजा रहा है, जनता को प्रतिदिन के हिसाब से टैक्स का भुगतान करना पड़ रहा है, पार्षद मद के काम नहीं हो रहे हैं, कई वार्डों में गंदा और बदबूदार पानी आ रहा है लेकिन इसके बावजूद भी नगर सत्ता के कानों तक शहर की जनता की आवाज नहीं पहुंच रही है। प्रदर्शन के दौरान शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डु नबी, पार्षद संतोष दुबे पंडा, मुकीमा याकूब अंसारी, गुलाम हुसैन, अदिति अतुल बाजपेई सहित अन्य मौजूद थे।



नगर सत्ता पर लगाए गंभीर आरोप

# आरके सिंह सैनी ने स्टेट बार काउंसिल चुनाव के लिये सैकड़ों अधिवक्ताओं के साथ किया नामांकन

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्टेट बार काउंसिल मध्यप्रदेश के चुनाव की हलचल तेज हो गई है। इसी क्रम में वर्तमान उपाध्यक्ष और जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष आर. के. सिंह सैनी ने सैकड़ों समर्थकों की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के इस अवसर पर पाटन अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रघुवीर सिंह ठाकुर और एच. एस. पटेल सहित भारी संख्या में विधि जगत के सदस्य उपस्थित रहे। नामांकन के दौरान सम्मति सैनी, राकेश सैनी, टी.सी. लखेरा, रामबाबू पांडे, वीरेन्द्र अहिरवार, एन.बी. गुरूंग, महेन्द्र चक्रवर्ती, अशोक पाण्डे, सुशील शर्मा, अशोक गुप्ता, भगवत पटेल, पी.एस. दीक्षित, दौलत रजक, पी.सी. लोधी, आकाश रॉय, विकास कनौजिया और राकेश पाण्डे ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कटनी से अक्षय बजाज, जागेश्वर सोनकर, राहुल पटेल, ऋषि सोनकर, अभय सोनी, अर्पित श्रीवास्तव, गौरव सिसोदिया और रवीन्द्र सिंह परिहार भी समर्थन देने पहुंचे। महिला अधिवक्ताओं में कहकशा मंसूरी, नौमी पटेल, ताशा डागौर, निधि सोनकर, दीपमाला यादव, पूजा सौंधिया, शिल्पी उपाध्याय, हेमलता सिंह, मालती कुशवाहा, पापिया घोष, रेणुका शुक्ला, आकांक्षा शुक्ला, लक्ष्मी और शारदा जायसवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।



# पूरे शहर को पानी पिलाने वाले खुद कैंपर के भरोसे

## नगर निगम, कलेक्ट्रेट सहित अन्य विभाग खरीदकर पी रहे पानी

**जबलपुर, देशबन्धु।** पूरे शहर की जल वितरण व्यवस्था जिस विभाग के भरोसे है, वह विभाग खुद खरीदा हुआ अर्थात कैंपर का पानी पी रहा है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ नगर निगम बल्कि कलेक्ट्रेट सहित अन्य शासकीय विभागों में पदस्थ कर्मचारी भी कैंपर के पानी पर ही भरोसा कर रहे हैं। जानकारों की मानें तो नगर निगम सहित अन्य शासकीय विभागों के खजाने से हर साल लाखों रुपए का भुगतान सिर्फ कैंपर का पानी सप्लाई करने वाले को ही किया जाता है। क्योंकि निगम मुख्यालय में नर्मदा जल की सप्लाई ही नहीं है।



### यह कैसा दोहरा रवैया

जानकारों का कहना है कि एक ओर जहां भूजल संरक्षण के लिए बोरिंग पर प्रतिबंध लगाने जैसे काम किए जाते हैं तो वहीं दूसरी ओर शासकीय विभाग खुद बोरिंग का आरओ से फिल्टर हुआ पानी कैंपर में भरकर सप्लाई करने वालों की हौंसला अफजाई कर रहे हैं और धड़ल्ले से उस पानी को पी रहे हैं और उसके लिए लंबा-चौड़ा बिल का भुगतान भी कर रहे हैं।

# भिक्षा मांगने के साथ देने के लिए प्रेरित करना भी अपराध, होगी कार्रवाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर को भिक्षावृत्ति से मुक्त करने और समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्तियों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए नगर निगम प्रशासन ने कमर कस ली है। मध्यप्रदेश शासन की मंशा और स्माइल प्रोजेक्ट के तहत् विशेष अभियान चलाया जा रहा है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बताया कि भिक्षावृत्ति मुक्त शहर के लिए नगर निगम की टीम द्वारा शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, चौराहों और धार्मिक स्थलों पर विशेष रेस्क्यू व काउंसलिंग अभियान निरंतर जारी है। उपायुक्त अंकिता जैन और विधि अधिकारी राजीव अनभोरे ने बताया कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 360 एवं 361 के तहत् निगम सीमा के भीतर किसी सड़क या सार्वजनिक स्थानों में भिक्षा मांगना या भिक्षा देने के लिए उत्तेजित या प्रेरित करना भी अपराध है, जिसमें कारावास की सजा के साथ-साथ अर्थदंड से दंडित करने का भी प्रावधान है। उन्होंने बताया कि बुधवार को टीम ने कुल 14 व्यक्तियों को रेस्क्यू किया। इसमें से 8



### असहायों को आश्रय स्थल, बाकी को पहुंचाया उनके घर

भिक्षकों को तत्काल नगर निगम द्वारा संचालित आश्रय स्थलों में शिफ्ट किया गया है, जहां उनके रहने और भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है। वहीं, 6 अन्य व्यक्तियों को काउंसलिंग के उपरांत उनकी इच्छा एवं पारिवारिक पृष्ठभूमि को देखते हुए उनके गृह ग्राम भेजने की सुरक्षित व्यवस्था कराई गई।

**पेंशनर्स का भौतिक सत्यापन शुरु-** नगर निगम के समस्त पेंशनर और पारिवारिक पेंशन का लाभ लेने वाले पेंशनरों को माह अप्रैल 2026 में भौतिक सत्यापन कराना अनिवार्य है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार समस्त सेवानिवृत पेंशनरों का 1 अप्रैल से भौतिक सत्यापन किया जा रहा है, समस्त निगम से सेवानिवृत्त हुए पेंशनर नगर निगम मुख्यालय में पेंशन शाखा कमरा नं. 43 में उपस्थित होकर अपना भौतिक सत्यापन करा सकते हैं।

**स्थगित विशेष ( बजट ) बैठक 15 को-** नगर पालिक निगम जबलपुर की स्थगित विशेष (बजट) बैठक अब दिनांक 15 अप्रैल 2026 दिन बुधवार को प्रात: 11:00 बजे से निगम परिसर स्थित पं. भवानी प्रसाद तिवारी सभाकक्ष में आहूत की गई है।

# एड. रिज़वान अली कोटी बने कांग्रेस के प्रवक्ता

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी भोपाल द्वारा जारी जबलपुर कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी में एडवोकेट रिज़वान अली कोटी को जिला प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। प्रवक्ता नियुक्त किए जाने पर रिज़वान ने विधायक लखन घनघोरिया, वरिष्ठ नेता बाबू विश्वमोहन, नगराध्यक्ष सौरभ शर्मा, जबलपुर कांग्रेस प्रभारी राजकुमार खुराना, संगठन प्रभारी रीतेश बंटी गुप्ता एवं आरिफ़ बेग व सभी वरिष्ठों को धन्यवाद ज्ञापित किया है।



# संजीवनी नगर शराब दुकान को 48 घंटे के अंदर हटाने की मांग

**जबलपुर, देशबन्धु।** शिवसेना महानगर प्रमुख मुकेश सराठे के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मांग की गई कि संजीवनी नगर स्थित शराब दुकान जो कि स्कूल के 100 मीटर के दायरे में हैं उसे 48 घंटे के अंदर स्थानांतरण की जाए एवं शहर में जितनी भी शराब दुकान है उन सभी को आबकारी नीति के अनुसार चिन्हित कर स्थानांतरित किया जाए।



इस दौरान राज्य प्रमुख शैलेंद्र बारी से आबकारी अधिकारी डीसी चतुर्वेदी की तीखी बहस भी हुई। इस दौरान शिवसेना के पदाधिकारी ने आबकारी अधिकारी को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जबलपुर शहर में सुबह 8.30 के पहले शराब दुकान संचालित होती है और शराब दुकान के आसपास खुले में शराब परोसते हुए पाए जाते हैं तो शिवसेना और आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस दौरान शिवसेना के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मध्यप्रदेश अमेच्योर शरीर सौष्ठव स्पर्धा में करण ने जीता हरक्युलिस का खिताब

**जबलपुर, देशबन्धु।** जानकीरमण कॉलेज विगत दिवस में मध्यप्रदेश अमेच्योर शरीर सौष्ठव संघ के तत्वावधान में जानकीरमण संस्थान द्वारा मध्यप्रदेश हरक्युलिस एवं मध्यप्रदेश केसरी स्पर्धा का आयोजन किया गया। स्पर्धा का शुभारंभ मंचासीन अथितियों बीके पाठक, डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, डॉ. राकेश तिवारी, एड. सम्पूर्ण तिवारी, डॉ. प्रशांत मिश्रा, अवधेश यादव, सचिन यादव आदि द्वारा हनुमानजी का पूजन अर्चन कर पुष्पअर्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।

अथितियों का स्वागत लखन नायक, इंद्रपाल सिंग गोगी, सपन रॉय, अमित सोनकर, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, आनद तिवारी, लारेंस मार्टिन, गुरुचरण श्रीवास्तव आशीष सिंगरहा ने किया गया। स्पर्धा में लगभग 85 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पुरुस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि विधायक अभिलाष पांडे ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया। जिसमें सभी वर्ग विजेताओं को मैडल एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया, एवं सभी ख़िताबधारियों को आकर्षक ट्रॉफी, विजय पट्ट के साथ ही नगद पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अशोक कपूर, अरविंद डहाके, शकील अनवर, सचिन यादव, लारेंस मार्टिन ने निर्णायक की भूमिका निभाई। स्कोरर जीएस चौहान एवं डॉ. राकेश तिवारी रहे। मध्यप्रदेश अमेच्योर शरीर सौष्ठव संघ के अध्यक्ष सुमित कालिया, जिला संघ के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा आदि न सफल कार्यक्रम की बधाई दी अंत मे प्रदेश संघ के महासचिव डॉ. राकेश तिवारी के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।




मध्यप्रदेश केसरी महेंद्र पटेल, मोस्ट मस्कुलर चंद्रभान धुर्वे, बेस्ट पोजर आसिफ मूसा, एवं विशाल चौधरी ने जीता मोस्ट इम्प्रूव्ड का खिताब

